2026 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनेगा भारत

नई दिल्ली। भारत 2026 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने के कगार पर है। यह 2024 में जर्मनी को और 2026 में जापान को पीछे छोड़ सकता है।

यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए तैयार है। चुनौतियों का सामना करने के बावजूद देश के उपभोक्ता बाजार ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ते हुए अमीरों

के दम पर भारत तेजी से बढ़ रहा है। 2023 तक भारत में 4 करोड़ आबादी समृद्ध कैटगरी में आती थी। अगले 5 वर्षों यानी 2028 तक बढ़कर यह आबादी दोगुनी से भी ज्यादा 8.8 करोड़ हो जाएगी। सालाना 10,000 डॉलर से ज्यादा आय वालों को समृद्ध वर्ग में गिना जाता है। एजेंसी